राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–90 (लो0सू0अ0)/2022–23

श्री प्रद्युम्न नाथ, पिता–श्री पारस नाथ, ग्राम–सबितापुर, पोस्ट–जोगामुसाहिब, तहसील–मुहम्मदाबाद, जिला–गाजीपुर (उ॰प्र॰), पिन कोड–233233

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
08.02.2023	श्री प्रद्युम्न नाथ, पिता–श्री पारस नाथ, ग्राम–सबितापुर, पोस्ट–जोगामुसाहिब, तहसील–मुहम्मदाबाद, जिला–गाजीपुर (उ॰प्र॰), पिन कोड–233233 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–06.02.2023 इस कार्यालय में दिनांक–08.02.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का तीन पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 445469, 59F 445470, एवं 59F 445469 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलकर्त्ता श्री प्रद्युम्न नाथ ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–14.12.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना/निर्णय नहीं दिये जाने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–14.12.2022 की प्रति संलग्न नहीं किया है। अतः लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–14.12.2022 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–27.02.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 8/2/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

अपील वाद संख्या–90 / 2022–23

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
27.02.2023	दिनांक–08.02.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त है। लोक सूचना पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार श्री प्रद्युमन नाथ, पिता–श्री पारस नाथ, ग्राम–सबितापुर, पोस्ट–जोगामुहासबि, तहसील–मुहम्मदाबाद, जिला–गाजीपुर (उ॰ प्र॰), पिन कोड–233233 से प्राप्त प्रपत्र 'क' दिनांक–14.12.2022, राज्यपाल सचिवालय, पटना में दिनांक–19.12.202222 को प्राप्त हुआ है। प्रपत्र 'क' के साथ संलग्न आवेदन दिनांक–14.12.2022 को राज्यपाल सचिवालय, पटना के पत्रांक–11 दिनांक–18.01.2023 के माध्यम से आवेदन को विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक शिकायत निवारण केन्द्र, पटना को भेजा गया है, जिसकी प्रतिलिपि आवेदक को भी भेजा गया है। अपीलार्थी श्री प्रद्युमन नाथ ने अधोहस्ताक्षरी के समक्षा यह अपील सूचना उपलब्ध नहीं कराने के कारण दायर किया था। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अपील शुल्क अप्राप्त रहने तथा लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपीलार्थी के प्रपत्र 'क' दिनांक–14.12.2022 के आलोक में सूचना का प्रेषण किये जाने के कारण प्राप्त अपील आवेदन पर अग्रतर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तदनुसार वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। सभी संबंधित को सूचित करें। 27/2/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	